# 14 राजस्थान में मराठा हस्तक्षेप व उसका प्रभाव

1. मराठों ने सर्वप्रथम 1711 ई. में राजस्थान की किस रियासत में प्रवेश कर धन वसूली की थी?
(1) मेवाड़ (2) कोटा
(3) जयपुर (4) बूँदी (1)

**व्याख्या–** मई, 1711 ई. में मराठों ने प्रथम बार मेवाड़ राज्य के अधीनस्थ क्षेत्र मंदसौर के पास धन वसूली की।

2. सवाई जयसिंह ने मालवा में मराठों को रोकने के लिए मेवाड़ के किस शासक के साथ एक समझौता किया था?
(1) जगतसिंह द्वितीय (2) संग्राम सिंह द्वितीय
(3) राजसिंह द्वितीय (4) अरिसिहं द्वितीय (2)

3. मराठों ने राजस्थान की किस रियासत में सर्वप्रथम उत्तराधिकार को लेकर हस्तक्षेप किया?
(1) मेवाड़ (2) कोटा
(3) डूँगरपुर (4) बूंदी (4)

**व्याख्या–** होल्कर व राणोजी सिंधिया ने 18 अप्रैल, 1734 ई. को बूंदी पर आक्रमण किया। 22 अप्रैल को बूंदी पर मराठों का अधिकार हो गया। दलेल सिंह को हटाकर उम्मेद सिंह को शासक बना दिया।

4. हुरड़ा सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की?
(1) सवाई जयसिंह
(2) महाराणा जगतसिंह द्वितीय
(3) महाराव दुर्जनशाल
(4) अमरसिंह द्वितीय (2)

5. हुरड़ा सम्मेलन किसने बुलाया था?
(1) सवाई जयसिंह (2) महाराणा जगतसिंह द्वितीय
(3) महाराव दुर्जनशाल (4) अमरसिंह द्वितीय (1)

**व्याख्या–** बूंदी व मंदसौर में मराठा हस्तक्षेप के कारण सवाई जयसिंह ने मराठों के खिलाफ संयुक्त रूप से कार्य योजना बनाने के लिए राजपूत राजाओं का एक सम्मेलन मेवाड़ राज्य के हुरड़ा नामक स्थान पर आयोजित करवाया।

6. पेशवा बाजीराव प्रथम पहली बार राजस्थान में किस वर्ष आया था?
(1) 1734 (2) 1736
(3) 1738 (4) 1740 (2)

**व्याख्या–** सवाई जयसिंह के निमंत्रण पर पेशवा बाजीराव प्रथम पहली बार जनवरी, 1736 ई. में उदयपुर आया था। 4 मार्च, 1736 को पेशवा व सवाई जयसिंह के मध्य भंभोला नामक स्थान पर मुलाकात हुई।

7. जयपुर के किस शासक ने सर्वप्रथम मराठों को जयपुर के आन्तरिक मामलों में सैनिक सहायता के लिए आमंत्रित किया?
(1) सवाई जयसिंह (2) ईश्वरीसिंह
(3) माधोसिंह प्रथम (4) सवाई प्रतापसिंह (3)

**व्याख्या–** जामोली समझौते से माधोसिंह संतुष्ट नहीं थे। माधोसिंह इस संघर्ष में मराठों की सहायता लेना चाहता था। उसने मल्हारराव होल्कर को 20 लाख रुपये देने का वचन देकर सैनिक सहायता प्राप्त कर ली। इस प्रकार मराठों ने जयपुर की राजनीति में हस्तक्षेप किया।

8. माधोसिंह प्रथम व ईश्वरीसिंह के मध्य बगरू का युद्ध किस वर्ष हुआ था?
(1) 1748 (2) 1747
(3) 1752 (4) 1787 (1)

**व्याख्या–** बगरू का युद्ध 1 अगस्त, 1748 को हुआ। इस युद्ध में माधोसिंह, मल्हार राव होल्कर, गंगाधर तांतिया, उम्मेद सिंह हाड़ा की संयुक्त सेना ने जयपुर पर आक्रमण किया। इस युद्ध में महाराणा सूरजमल ने ईश्वरी सिंह का साथ दिया, लेकिन ईश्वरी सिंह की हार हुई।

9. जयपुर के किस शासक के समय जयपुर शहर में मराठा सैनिकों का कत्लेआम किया गया?
(1) माधोसिंह प्रथम (2) सवाई प्रतापसिंह
(3) ईश्वरीसिंह (4) सवाई जयसिंह (1)

**व्याख्या–** 10 जनवरी,1751 को 4 हजार मराठा सैनिक जयपुर नगर के मन्दिर व सौंदर्य देखने के लिए नगर में प्रवेश किया। मराठा सैनिकों के अभद्र व्यवहार से परेशान होकर माधोसिंह प्रथम ने मराठों का कत्लेआम करवा दिया।

10. मेवाड़ के किस महाराणा ने अपने सामंतों का दमन करने के लिए मराठा सेनापति महादजी सिंधिया से एक समझौता किया था?
(1) महाराणा जवानसिंह (2) महाराणा भीमसिंह
(3) अमरसिंह द्वितीय (4) महाराणा सरदार सिंह (2)

**व्याख्या–** महाराणा भीमसिंह सामन्तों की आपसी कलह के सामने असहाय था, उसने महादजी सिंधिया से सहायता मांगी। महादजी व महाराणा के मध्य 16 अप्रैल, 1791 को एक समझौता हुआ, जिसके तहत् महादजी सामन्तों का दमन कर महाराणा के अधिकारों की रक्षा करेगा।

11. मराठा राज्य का शासक बनने से पूर्व साहू किसकी जेल या शिविर में बंदी था?
(1) मेवाड़ (2) आमेर
(3) मुगलों के (4) गुजरात (3)

**व्याख्या–** औरंगजेब की मृत्यु के बाद उत्तराधिकार संघर्ष के दौरान उसके पुत्र आजम ने मुगल शिविर में बंदी बनाए गए साहू को मुक्त कर दिया था।

12. जयपुर रियासत द्वारा मराठों (1751 ई. में) के कत्लेआम के पीछे मुख्य कारण क्या था?
(1) जयप्पा सिंधिया द्वारा धन (राज्य की आय का एक बट्टा तीन या एक बट्टा चार भाग) की मांग करना
(2) मराठों द्वारा बूँदी के बुद्ध सिंह की सहायता करना
(3) आंतरिक मामलों में मराठों द्वारा ईश्वरी सिंह की सहायता करना
(4) मुगलों के आदेश पर (1)

**व्याख्या–** 6 जनवरी, 1751 को जयप्पा सिंधिया जयपुर पहुँचा और उसने जयपुर राज्य की आय का एक–तिहाई या एक चौथाई भाग मराठों का देने का लिखित आश्वासन मांगा। मराठों की बढ़ती मांग से माधोसिंह व राजपूत सरदार नाराज हो गए।

13. निम्नलिखित में से असत्य कथन की पहचान करें–
(1) माधोसिंह मेवाड़ की राजकुँवरी चन्द्रकुँवरी का पुत्र था।
(2) माधोसिंह सिंह की छोटी–छोटी झड़पों से परेशान ईश्वरी सिंह ने सर्वप्रथम मराठों को आंतरिक हस्तक्षेप के लिए आमंत्रित किया।
(3) 21 सितम्बर, 1743 ई. को सवाई जयसिंह की मृत्यु के बाद उसका ज्येष्ठ पुत्र 'ईश्वरी सिंह' जयपुर का शासक बना।
(4) देबारी समझौते (1708) के इकरारनामे के अनुसार मेवाड़ राजकुमारी से उत्पन्न राजकुमार ही जयपुर की गद्दी का वारिस बनना था। (2)

**व्याख्या–** जामोली समझौते के अनुसार माधोसिंह को रामपुरा के अतिरिक्त टोंक का परगना भी दिया गया, लेकिन माधोसिंह इससे संतुष्ट नहीं हुआ। माधोसिंह इस संघर्ष में मराठों की सहायता लेना चाहता था। उसने मल्हारराव होल्कर को 20 लाख रुपये देने का वचन देकर सैनिक सहायता प्राप्त कर ली।

14. सितम्बर 1754 ई. में मराठों व विजय सिंह (जोधपुर) के मध्य मेड़ता के पास युद्ध हुआ, जिसमें विजयसिंह की हार हुई। इस युद्ध में बीकानेर व किशनगढ़ के शासक युद्ध क्षेत्र से भाग गए थे, उन शासकों का नाम बताइए?
(1) गजसिंह व सावंत सिंह (2) कल्याणमल व बहादुर सिंह
(3) गजसिंह व बहादुर सिंह (4) जैतसी व बहादुर सिंह (3)

**व्याख्या–** 14 सितम्बर, 1754 को मेड़ता के पास विजयसिंह व मराठों के मध्य युद्ध हुआ, जिसमें विजयसिंह की हार हुई।

15. कोटा राज्य में मराठों द्वारा सर्वप्रथम हस्तक्षेप/घूसपैठ कब की गई?
(1) 1731 (2) 1736
(3) 1740 (4) 1730 (2)

16. पाटन का युद्ध मराठों ने किस राज्य के विरुद्ध लड़ा था, जिसमें मराठों (डी.बोई व लकवा दादा के नेतृत्व में) की विजय हुई?
(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) कोटा (4) मेवाड़ (1)

**व्याख्या–** पाटन का युद्ध 20 जून, 1790 मराठों व राजपूतों के बीच हुआ, जिसमें डी. बोईन व लकवा दादा के नेतृत्व में मराठों ने जयपुर की सेना पर निर्णायक विजय प्राप्त की।

17. किस मराठा पेशवा की माता राधादेवी 1735 ई. में तीर्थ यात्रा हेतु नाथद्वारा, उदयपुर व गलता जी (जयपुर) आई, जहाँ उनका दोनों शासकों द्वारा आदर सत्कार किया गया?
(1) मल्हारराव होल्कर (2) बालाजी बाजीराव प्रथम
(3) बालाजी बाजीराव द्वितीय (4) जयप्पा सिंधिया (2)

18. निम्न में से कौनसा एक मुख्य कारण राजस्थान में मराठा हस्तक्षेप का नहीं है?
(1) मुगल साम्राज्य का पतन
(2) मराठों की धन प्राप्ति की लालसा
(3) मेवाड़ की साम्राज्य विस्तार की नीति
(4) राजपूत राज्यों में आपसी संघर्ष (3)

19. भटवाड़ा के युद्ध में (1761 ई.) कोटा की सेना ने किसके नेतृत्व में जयपुर के माधोसिंह प्रथम को हराया?
(1) दुर्जनशाल (2) सूरजमल
(3) झाला जालिम सिंह (4) राणोजी सिंधिया (3)

20. राजमहल का युद्ध (टोंक) माधोसिंह व ईश्वरी सिंह के मध्य कब लड़ा गया?
(1) 1 अप्रैल, 1747 (2) 1 मार्च, 1747
(3) 1 अप्रैल, 1847 (4) 1 मार्च, 1847 (2)

21. जयसिंह की तरफ से नियुक्त बूँदी का उत्तराधिकारी दलेल सिंह करवड के किस जागीरदार का पुत्र था?
(1) जालिम सिंह (2) सालिम सिंह
(3) उम्मेद सिंह (4) दुर्जनशाल (2)

**व्याख्या–** जयसिंह ने बूंदी पर आक्रमण कर वहां के शासक बुद्धसिंह को हटाकर करवड़ के जागीदार सालिम सिंह हाड़ा के द्वितीय पुत्र दलेल सिंह को 1730 ई. में उत्तराधिकारी बनाया।

22. मारवाड़ में किस शासक के शासक बनते ही राजस्थान में मराठों के प्रवेश के द्वितीय चरण की शुरुआत हुई?
(1) अभयसिंह (2) रामसिंह
(3) बख्तसिंह (4) मानसिंह (2)

**व्याख्या–** जून, 1749 में अभय सिंह की मृत्यु के बाद उसका पुत्र रामसिंह जोधपुर का शासक बना। जालौर परगने के प्रश्न को लेकर रामसिंह व बख्त सिंह में संघर्ष प्रारंभ हो गया। इसी के साथ मारवाड़ में गृहयुद्ध का सूत्रपात हो गया।

23. बख्त सिंह ने रामसिंह को किस युद्ध में हराकर जोधपुर की गद्दी प्राप्त की थी?
(1) अप्रैल 1750 मेड़ता के पास युद्ध
(2) 21 सितम्बर, 1753 नागौर युद्ध
(3) नवम्बर 1750 लूबियावास का युद्ध
(4) जून 1749 बगरु का युद्ध (3)

**व्याख्या–** बख्त सिंह ने मराठों व मुगल सेना के मारवाड़ से चले जाने के बाद 17 नवम्बर, 1750 को लूबियावास में रामसिंह को पराजित कर जोधपुर की गद्दी प्राप्त कर ली।

24. पेशवा बाजीराव प्रथम ने जनवरी 1736 में उदयपुर पहुंचकर महाराणा जगतसिंह द्वितीय से वार्षिक चौथ वसूलने का समझौता किया, पेशवा बाजीराव प्रथम व जयसिंह के मध्य भेंट किस स्थान पर हुई थी?
(1) रामपुरा (2) भंभोला
(3) हुरड़ा (4) राजमहल (2)

**व्याख्या–** अजमेर के निकट भंभोला नामक स्थान पर 4 मार्च, 1736 ई. को पेशवा व सवाई जयसिंह के मध्य भेंट हुई।

25. मराठों के धनवसूली व लगातार आक्रमणों से परेशान होकर जयपुर के किस शासक ने जोधपुर के शासक विजयसिंह तथा करौली के शिवपुर के शासकों के साथ गठबंधन किया?
(1) ईश्वरी सिंह (2) माधोसिंह
(3) जयसिंह (4) प्रतापसिंह (4)

26. मेवाड़ महाराणा भीमसिंह व महादजी सिंधिया के मध्य एक समझौते के तहत महादजी ने अपने किस सेनापति को भेजकर चुण्डावत सरदारों को भीमसिंह का आदेश मानने पर बाध्य किया व रतनसिंह को वहाँ से निकाल दिया गया?
(1) मल्हारराव होल्कर (2) राणोजी सिंधिया
(3) जयप्पा सिंधिया (4) अम्बाजी इंगले (4)

**व्याख्या–** महादजी और महाराणा के मध्य 16 अप्रैल, 1791 को समझौता हुआ था।

27. निम्नलिखित में से असत्य कथन की पहचान करें–
(1) कोटा के दुर्जनशाल से मराठों ने 4 लाख रुपए वसूले तथा केशोरायपाटन व कापरेन के परगने दिए गए।
(2) दुर्जनशाल की मृत्यु के पश्चात् गुमानसिंह महाराव बने व झाला जालिमसिंह को फौजदार नियुक्त किया गया।
(3) 1764 में महाराव गुमानसिंह से मतभेद के कारण जालिम सिंह यहाँ से निष्कासित होकर मेवाड़ के महाराणा अरिसिंह की सेवा में चले गए।
(4) क्षिप्रा के युद्ध (1769) में मेवाड़ की तरफ से सेनापति जालिम सिंह थे, मराठों से हारे, तदुपरांत मराठों ने घायल जालिम सिंह को बंदी बना लिया, जालिम सिंह 60,000 रु. देकर रिहा हुआ।
सही कूट की पहचान करें–
(A) 1 व 2 (B) केवल 1
(C) 1 व 4 (D) इनमें से कोई नहीं (D)

28. जोधपुर के किस शासक की मृत्यु (1772 ई.) के बाद मराठों ने जोधपुर पर पुनः आक्रमण नहीं किया?
(1) रामसिंह (2) विजय सिंह
(3) बख्त सिंह (4) अभय सिंह (1)

**व्याख्या–** 1772 ई. में रामसिंह की मृत्यु के बाद विजय सिंह ने जालोर व आधा मारवाड़ पुनः अपने अधिकार में कर लिए। इसके बाद मराठों ने पुनः जोधपुर पर आक्रमण नहीं किया।

29. किस वर्ष कोटा के महाराव दुर्जनशाल के साथ मिलकर महाराणा जगत सिंह ने ईश्वरी सिंह के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की थी?
(1) 1741 (2) 1742
(3) 1743 (4) 1744 (4)

**व्याख्या–** महाराव दुर्जनशाल बूंदी में जयपुर समर्थित दलेल सिंह को हटाकर उम्मेद सिंह को शासक बनाना चाहता था।

30. 'धौलपुर समझौते' के अनुसार मालवा की सूबेदारी किसे प्रदान की गई थी?
(1) पेशवा को (2) सवाई जयसिंह को
(3) मुगल बादशाह को
(4) चम्बल के पूर्व व दक्षिण के जमीदारों को (1)

**व्याख्या–** धौलपुर समझौता 1741 ई. में सवाई जयसिंह की मध्यस्था से पेशवा बाजीराव व मुगल बादशाह के मध्य हुआ था।

31. जयसिंह ने अपनी किस पुत्री का विवाह (1732 ई.) दलेल सिंह से करवाकर बूँदी का शासक घोषित कर दिया था?
(1) चन्द्र कुंवरी (2) अमर कुंवरी
(3) कृष्णा कुंवरी (4) चाँद कुंवरी (3)

**व्याख्या–** बुद्धसिंह अपने पुत्र उम्मेद सिंह को राजा बनाना चाहता था, परंतु सवाई जयसिंह ने दलेल सिंह को ही शासक बनाए रखा और अपनी पुत्री कृष्णा कुमारी का विवाह दलेल सिंह से कर दिया।

32. 1728 ई. में मराठों ने मेवाड़ के अर्द्ध स्वतंत्र किन दो राज्यों से चौथ वसूली की थी?
(1) बाँसवाड़ा– डूँगरपुर (2) प्रतापगढ़– चित्तौड़गढ़
(3) प्रतापगढ़–शाहपुरा (4) चित्तौड़गढ़–शाहपुरा (1)

33. बूँदी उत्तराधिकार संघर्ष के संदर्भ में कौनसा कथन सत्य नहीं है?
(1) सवाई जयसिंह के समय बूँदी का शासक बुद्ध सिंह था।
(2) बुद्धसिंह की चूड़ावती रानी से उत्पन्न 'उम्मेद सिंह' को बुद्धसिंह ने अपना उत्तराधिकारी घोषित किया।
(3) जयसिंह अपने भांजे भवानी सिंह को बूँदी का उत्तराधिकारी घोषित किया व उसे शासक बनाने के लिए भरसक प्रयास किए।
(4) होल्कर ने अप्रैल 1734 ई. में बूँदी पर आक्रमण कर दलेलसिंह को हटाकर बुद्ध सिंह को शासक बना दिया। यह बूँदी उत्तराधिकार को लेकर राजपूताना में मराठों का पहला आक्रमण था। (3)

**व्याख्या–** सवाई जयसिंह ने अपने भानजे भवानी सिंह को जयपुर बुलाकर उसकी हत्या करवा दी।

34. तुंगा का युद्ध कब व किस–किस के मध्य लड़ा गया?
(1) 28 जुलाई, 1887 सवाई प्रतापसिंह व महारानी सिंधिया
(2) 28 जुलाई, 1787 सवाई प्रतापसिंह व विजयसिंह (मारवाड़)
(3) 28 जुलाई, 1787 माधोसिंह व ईश्वरी सिंह
(4) 28 जुलाई, 1787 सवाई प्रतापसिंह व महादजी सिंधिया (4)

35. माधोसिंह ने मराठों का कत्लेआम करने के पश्चात् अपने वकील को किस मराठा के पास क्षमा याचना हेतु भेजा था?
(1) जयप्पा सिंधिया (2) मल्हारराव होल्कर
(3) राणोजी सिंधिया (4) बाजीराव प्रथम (2)

**व्याख्या–** 19 जनवरी, 1751 को माधोसिंह के वकील ने मराठों से मिलकर कत्लेआम की घटना के लिए क्षमा मांगी।

36. जयपुर के शासक ईश्वरी सिंह का जन्म 1722 ई. में हुआ, इनकी माता का नाम क्या था?
(1) चन्द्र कुंवर (2) अमर कुंवर
(3) सुरज कुंवर (4) कृष्णा कुमार (3)

37. कोटा में (1756) अंता के जागीरदार अजीत सिंह को मराठों की स्वीकृति के बिना शासक बनाने के कारण राणोजी सिंधिया व होल्कर ने सेना सहित यहाँ आकर अजीत सिंह से कितना नजराना वसूल किया था?
(1) 20 लाख (2) 30 लाख
(3) 40 लाख (4) 60 लाख (3)

38. निम्नलिखित में से कौन हुरड़ा सम्मेलन (मराठों के विरुद्ध संगठन) में शामिल नहीं था?
(1) अभयसिंह (2) गोपाल सिंह
(3) दलेल सिंह (4) महाराणा संग्राम सिंह II (4)

**व्याख्या–** हुरड़ा सम्मेलन में महाराणा जगत सिंह द्वितीय (मेवाड़), सवाई जयसिंह (जयपुर), अभयसिंह (जोधपुर), दुर्जनशाल (कोटा), सूजानसिंह (बीकानेर), बख्तसिंह (नागौर), दलेल सिंह (बूंदी), गोपालसिंह (करौली) व राजसिंह (किशनगढ़) आदि शासकों ने भाग लिया था।

39. जयप्पा सिंधिया की हत्या के बाद विजय सिंह व मराठों के मध्य संधि हो गई थी, निम्न में से कौनसी शर्तें सही नहीं है?
(1) अजमेर व तारागढ़ पर विजयसिंह का अधिकार होगा।
(2) युद्ध क्षति के रूप में विजय सिंह मराठों को 2 बार में कुल 50 लाख रुपए व डेढ़ लाख रूपए वार्षिक देगा।
(3) जालौर के साथ आधा मारवाड़ (सांभर, सोजत, परबतसर, केकड़ी) के 84 गाँव राम सिंह को दिए गये।
(4) जोधपुर, नागौर व मेड़ता पर विजय सिंह का अधिकार रहेगा। (1)

**व्याख्या–** इस शर्त के अनुसार अजमेर व तारागढ़ पर मराठों का अधिकार होगा।

40. सवाई जयसिंह ने पेशवा बाजीराव प्रथम से संधि करने का प्रथम असफल प्रयास (1736) किस स्थान पर शिविर लगाकर किया था?
(1) भंभोला (2) मालपुरा
(3) झाड़ली (4) गलताजी (3)